**न्यायालय सिविल जज (जू०डि०)/न्यायिक मजिस्ट्रेट, भोगनीपुर कानपुर देहात**

प्रकीर्ण प्रार्थना पत्र सं०–114/2022

निशा बनाम इशरत जहाँ आदि ।

26/07/2022

**<u>निस्तारण प्रार्थनापत्र अंतर्गत धारा–155 (2) द०प्र०सं०</u>**

प्रार्थना पत्र पेश हुआ। प्रार्थना पत्र अंतर्गत धारा–155 (2) द०प्र०सं० पर प्रार्थिनी के विद्वान अधिवक्ता को सुना गया। उक्त प्रार्थना पत्र के संदर्भ में थाने की आख्या उपलब्ध है।

प्रार्थिनी निशा के द्वारा प्रार्थना पत्र अंतर्गत धारा 155 (2) द०प्र०सं०, एन.सी.आर.सं०– 05/2022, अन्तर्गत धारा 323, 504 भा०दं०सं० में विवेचना कराये जाने हेतु थानाध्यक्ष, थाना देवराहट कानपुर देहात को निर्देशित करने हेतु प्रस्तुत किया गया है।

थाना देवराहट की आख्या दिनाँकित 25/07/2022 के अनुसार एन.सी.आर. सं० – 05/2022 धारा – 323, 504 I.P.C थाना देवराहट में पंजीकृत है जिसकी विवेचना नहीं हो रही है।

अतः मामले के तथ्यों एवं परिस्थितियों को दृष्टिगत रखते हुए प्रार्थिनी का प्रार्थनापत्र स्वीकार किया जाता है। थानाध्यक्ष थाना देवराहट कानपुर देहात को आदेशित किया जाता है कि वे एन.सी.आर.सं०– 05/2022, अन्तर्गत धारा 323, 504 भा०दं०सं० में नियमानुसार विवेचना करें/करायें।

राशि तोमर
सिविल जज (जू०डि०)/ न्यायिक मजिस्ट्रेट
भोगनीपुर, कानपुर देहात
ID NO.UP 2540